आईआईएम रांची में मंगलवार को कार्यक्रम में मौजूद अध्येता । ● हिन्दुस्तान

सार्वजनिक नीति प्रबंधन का मिला प्रमाणपत्र

रांची। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम), रांची में महात्मा गांधी राष्ट्रीय फेलोशिप (एमजीएनएफ) कार्यक्रम के समापन समारोह का आयोजन मंगलवार को किया गया। इसमें 55 से अधिक अध्येताओं की उपलब्धियों का जश्न मनाया। आईआईएम रांची के निदेशक प्रो दीपक कुमार श्रीवास्तव ने स्नातक अध्येताओं को सार्वजनिक नीति प्रबंधन का प्रमाणपत्र प्रदान किया। उन्होंने भविष्य के नीति नेताओं के रूप में एमजीएनएफ फेलो की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया।

Hindustan, 01.11.2023, Pg.2